**Rajkiya Engineering College, Kannauj**
**राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज**
Aher, Tirwa Road, Kannauj, Uttar Pradesh
An AICTE approved Government Engineering College Vide Letter Approval No F.No. Northern/2018/1-3725944831
Dated 30-April-2018, affiliated to Dr. APJ AKTU, Lucknow

# प्रेस विज्ञप्ति

## आज दिनांक 07 सितम्बर 2024 को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के केन्द्रीय कम्प्यूटर सेंटर में विद्युत विभाग के कर्मचारियों के लिए ई–ऑफिस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक 07 सितम्बर 2024 को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के केन्द्रीय कम्प्यूटर सेंटर में विद्युत विभाग के कर्मचारियों के लिए ई–ऑफिस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के निदेशक महोदया प्रो० रचना अस्थाना, कुलसचिवध् कम्प्यूटर साइंस एंड इंजी विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 बी0डी0के0 पात्रो के नेतृत्व में हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कर्मचारियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने और पारंपरिक कागजी प्रक्रिया से मुक्त कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्य कागजी कार्यप्रणाली से डिजिटल कार्यप्रणाली में परिवर्तन, डिजिटल फाइलिंग, ई–नोटिंग और ई–फाइल ट्रैकिंग को अपनाने के लिए, ई–ऑफिस के माध्यम से कार्य को तेजी से निपटाने और समय की बचत सुनिश्चित करना, कार्यों को ऑनलाइन ट्रैक करके जवाबदेही और निगरानी में सुधार करना, डिजिटल दस्तावेज प्रबंधन, ई–फाइलिंग, डिजिटल हस्ताक्षर और इलेक्ट्रॉनिक नोटिंग जैसे प्रमुख विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद कर्मचारियों ने ई–ऑफिस प्रणाली का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। इससे विद्युत विभाग मंण फाइलों के आदान–प्रदान और कार्य अनुमोदन प्रक्रिया में सुधार देखने को मिलेगा जिससे कार्यालयी कार्यप्रणाली अधिक सुसंगठित और तेज हो जाएगी यह प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजिटलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, और इससे कार्यालयों में कार्यप्रणाली की गति और दक्षता में सुधार आएगा । इस कार्यक्रम में लगभग 120 प्रशिक्षार्थी मौजूद रहे । कन्नौज तिर्वा के उप मंडल अधिकारी (विद्युत) श्री कुलदीप राजपूत के द्वारा संस्थान के निदेशक महोदया एवं कुलसचिव महोदय का धन्यवाद ज्ञापित किया कि उन्होंने इस कार्यक्रम को अपने केंद्रीय कंप्यूटर सेंटर में आयोजित कराने की अनुमति प्रदान की।

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज